IX

प्रबन्ध मण्डल की नौवीं बैठक दिनांक 20—06—2009 का कार्यवाही विवरण

प्रबन्ध मण्डल की नौवीं बैठक दिनांक 20—06—2009 को प्रातः 11:30 बजे कुलपति सचिवालय, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के मीटिंग हॉल में माननीय कुलपति महोदय श्री प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :—

1. श्री प्रीतम सिंह — कुलपति एवं अध्यक्ष,
2. श्री दौलत राज नायक —माननीय विधायक रायसिंहनगर— सदस्य
3. श्री संदीप वर्मा — आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान — सदस्य
4. डॉ एस. एस. टाक — सदस्य
5. डॉ. सुरेश अग्रवाल — सदस्य
6. प्रो0 एल.एन. गुप्ता — सदस्य
7. डॉ. मनीराम खटीक — सदस्य
8. डॉ. एम. एल. शर्मा — सदस्य
9. डॉ. विमलेन्दु तायल — सदस्य
10. डॉ. आर. के. वर्मा — सदस्य
11. श्री श्याम सुन्दर रांकावत — कुलसचिव, एवं सदस्य सचिव
12. श्री के.एस. बीका — वित्त नियंत्रक— स्थाई आमंत्रित सदस्य ।
13. डॉ. पी. आर. ओझा — परीक्षा नियंत्रक— स्थाई आमंत्रित सदस्य।

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा प्रबन्ध मण्डल के नव मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् बैठक का कोरम पूर्ण पाये जाने पर माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में हुए विचार—विमर्श एवं लिये गए निर्णयों का विवरण निम्नानुसार है :—

एजेण्डा बिन्दु : मगसिविबी / बोम–9 / 2009 / 79

विश्वविद्यालय में नये कुलपति के चयन हेतु गठित की जाने वाली समिति में प्रबन्ध मण्डल द्वारा एक सदस्य के मनोनयन का प्रस्ताव।

वरिष्ठ लेखाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय अनुभाग, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ. 31 (3)आर.बी. / 2003 / 866 दिनांक 10.02.2009 एवं क्रमांक एफ. 31 (3)आर.बी. / 2003 / 2196 दिनांक 15.04.2009 तथा क्रमांक एफ. 31 (3)आर.बी. / 2003 / 3070 दिनांक 10.06.2009 के अनुसार महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय अधिनियम 2003 की धारा 11 (1) (i) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियमित नियुक्ति के लिए चयन हेतु नामों की सूची (पैनल) तैयार किये जाने के लिए गठित की जाने वाली चयन समिति हेतु विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल द्वारा एक सदस्य, जो विश्वविद्यालय या इसके किसी महाविद्यालय से सम्बन्धित न हो, का मनोनयन किया जाना है। प्रबन्ध मण्डल द्वारा मनोनीत उक्त सदस्य का नाम, पद, पता, फोन नं. एवं फैक्स नं. आदि की सूचना राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित की जानी है।

विशेषाधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर के पत्र क्रमांक प.20 (4) शिक्षा–4 / 2004 पार्ट जयपुर दिनांक 17.06.2009 के अनुसार "**प्रबन्ध मण्डल**" की आज आयोजित होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार द्वारा केवल इसी बिन्दु पर निर्णय लिये जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

अतः उपरोक्तानुसार चयन समिति हेतु एक सदस्य के मनोनयन का प्रस्ताव प्रबन्ध मण्डल के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया।

निर्णय :– विश्वविद्यालय के नये कुलपति की नियमित नियुक्ति के लिए चयन हेतु नामों की सूची (पैनल) तैयार किये जाने के लिए गठित की जाने वाली चयन समिति हेतु माननीय सदस्य डॉ. एस.एस. टाक द्वारा विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की ओर से चयन समिति के सदस्य के रूप में डॉ. मोहन स्वरूप महेश्वरी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर को मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा। प्रबन्ध मण्डल के उपस्थित सदस्यों द्वारा डॉ. महेश्वरी के नाम के इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

कुलसचिव